# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/06/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** किसी स्मार्ट सिटी मेट्रो लाइन में पिछले माह औसतन 4,500 यात्री प्रतिदिन यात्रा करते थे। इस माह, यह औसत 4,860 यात्री प्रतिदिन रहा। यात्रियों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 4.5%
- ✓ B. 8%
- ✗ C. 6.4%
- ✗ D. 10.2%

**Q.2** एक दुकानदार दो क़िस्मों के चावल खरीदता है जिनका मूल्य क्रमशः ₹32 प्रति kg और ₹40 प्रति kg है। वह कुल 45 kg चावल ₹1600 में खरीदता है। ₹32 प्रति kg मूल्य वाले चावल की मात्रा और ₹40 प्रति kg मूल्य वाले चावल की मात्रा (kg में) का अनुपात क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 4:5
- ✓ B. 5:4
- ✗ C. 2:3
- ✗ D. 3:2

**Q.3** एक जैकेट की कीमत में पहले 20% की वृद्धि की जाती है और फिर 25% की कमी की जाती है। यदि मूल कीमत ₹600 थी, तो जैकेट की अंतिम कीमत कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. ₹570
- ✗ B. ₹480
- ✓ C. ₹540
- ✗ D. ₹600

**Q.4** एक साइकिल सवार 8 सेकंड में 40 मीटर की दूरी तय करता है। उसकी चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 16 km/hr
- ✗ B. 24 km/hr
- ✗ C. 21 km/hr
- ✓ D. 18 km/hr

**Q.5** चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 12, 13 और 7 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 प्राप्त हो।

**Ans**
- ✗ A. 9934
- ✓ B. 9831
- ✗ C. 9618
- ✗ D. 9438

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

**Q.6** एक स्विमिंग पूल में तीन पाइप लगे हैं। पहले दो पाइप एक साथ कार्य करते हुए पूल को उतने ही समय में भर देते हैं जितने समय में तीसरा पाइप अकेले भरता है। दूसरा पाइप अकेले पूल को पहले पाइप से 5 घंटे पहले और तीसरे पाइप से 4 घंटे बाद भरता है। दूसरा और तीसरा पाइप मिलकर पूल को कितने समय में भर देंगे?

**Ans**

✗ A. 6 घंटे

✗ B. $7\frac{1}{2}$ घंटे

✓ C. $3\frac{3}{4}$ घंटे

✗ D. 4 घंटे

**Q.7** एक कार, शहर A से शहर B तक 60 km/h की चाल से यात्रा करती है। शहर B पहुंचने के बाद, ड्राइवर वापसी की यात्रा में कार की चाल 20 km/h बढ़ा देता है। वापसी के समय रास्ते में सड़क की मरम्मत के कारण, कार को 30 मिनट के लिए धीमा रखना पड़ता है, जिसके दौरान यह बढ़ी हुई चाल के स्थान पर केवल 30 km/h की चाल से यात्रा करती है। यदि कुल यात्रा (round trip) में लगा समय 7 घंटे है, तो शहर A और शहर B के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ A. $219\frac{2}{7}$ km

✓ B. $229\frac{2}{7}$ km

✗ C. $229\frac{2}{5}$ km

✗ D. $227\frac{2}{5}$ km

**Q.8** $(x + y)^2$ और $(x - y)^2$ के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए, (जहाँ x और y प्राकृतिक संख्याएँ हैं और $x > y$ है)।

**Ans**

✗ A. $x^2 + y^2$

✗ B. $xy + y^2$

✗ C. $xy + x^2$

✓ D. $x^2 – y^2$

**Q.9** यदि प्रत्येक अंत:कोण की माप 150° हो, तो एक समबहुभुज में कितनी भुजाएँ होती हैं?

**Ans**

✗ A. 15 भुजाएँ

✗ B. 10 भुजाएँ

✗ C. 8 भुजाएँ

✓ D. 12 भुजाएँ

**Q.10** व्यंजक $0.125 \times 4^4 \times 2^{-5} \times 0.25^2 \times 8^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ A. 4

✗ B. 8

✗ C. 16

✗ D. 2

**Q.11** $\left\{3.46 + 3\frac{1}{4} - 5\frac{1}{8} + 4.25 + 0.165\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ A. 6

✗ B. 7.4

✗ C. 7

✗ D. 6.8

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | दो धनात्मक पूर्णांकों का महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 36 और 7,560 हैं। यदि इनमें से एक संख्या 540 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 468<br>✗ B. 396<br>✔ C. 504<br>✗ D. 432 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 19 cm और 29 cm है। इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 265.5 $cm^2$<br>✔ B. 275.5 $cm^2$<br>✗ C. 255.5 $cm^2$<br>✗ D. 285.5 $cm^2$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 12 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा? | |
| Ans | ✗ A. 4<br>✗ B. 3<br>✗ C. 2<br>✔ D. 1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | ₹8,000 की धनराशि 5% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 3 वर्षों के लिए उधार ली जाती है। देय साधारण ब्याज कितना होगा? | |
| Ans | ✔ A. ₹1,200<br>✗ B. ₹1,000<br>✗ C. ₹1,400<br>✗ D. ₹1,600 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | एक संवृत बेलनाकार जलाशय की त्रिज्या 14 cm और ऊँचाई 10 cm है। यदि इस जलाशय के कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का 20% भाग नीले रंग से रंगा हुआ है और शेष भाग लाल रंग से रंगा हुआ है, तो लाल रंग से रंगे हुए कुल क्षेत्रफल को वर्ग सेंटीमीटर में ज्ञात कीजिए। [π = 22/7 का प्रयोग कीजिए] | |
| Ans | ✗ A. $1687.6\ cm^2$<br>✔ B. $1689.6\ cm^2$<br>✗ C. $422.4\ cm^2$<br>✗ D. $424.4\ cm^2$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | यदि $\sqrt{x} = 5$ है, तो $\sqrt{x + 25}$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. $5\sqrt{3}$<br>✗ B. $2\sqrt{5}$<br>✔ C. $5\sqrt{2}$<br>✗ D. $3\sqrt{5}$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | $24^3 + (-5)^3 + (-19)^3$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 6783<br>✗ B. 6763<br>✗ C. 6572<br>✔ D. 6840 | |

Q.19 ₹20,000 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित किए जाने वाले चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्षों में ₹21,218 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 8%
- ✓ B. 3%
- ✗ C. 4%
- ✗ D. 5%

Q.20 मैरी की आयु उसकी बहन की आयु से 3 वर्ष अधिक है। यदि उनकी संयुक्त आयु 27 वर्ष है, तो मैरी की आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 14
- ✗ C. 13
- ✓ D. 15

Q.21 एक कंपनी में 10 अधिकारी और 30 क्लर्क हैं। एक अधिकारी का औसत मासिक वेतन ₹45,000 और एक क्लर्क का औसत मासिक वेतन ₹25,000 है। सभी कर्मचारियों का औसत वेतन कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹32,000
- ✗ B. ₹35,000
- ✗ C. ₹28,000
- ✓ D. ₹30,000

Q.22 एक दुकानदार ₹60 प्रति kg की दर से चावल खरीदता है। बेचते समय, वह एक ऐसे तराजू का उपयोग करता है जो वास्तव में केवल 900 g वजन को 1 kg दर्शाता है। वह लागत मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है। बाद में, वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है लेकिन वह उसी दोषपूर्ण तराजू का उपयोग करना जारी रखता है। प्रत्येक लेन-देन पर उसका लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए, जहाँ खरीदार 1 kg चावल के लिए भुगतान करता है।

Ans
- ✗ A. ₹9.80
- ✗ B. ₹9.20
- ✗ C. ₹10.20
- ✓ D. ₹10.80

Q.23 एक स्वेटर का अंकित मूल्य ₹600 है। थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता को 20 स्वेटर तक 20% की छूट देता है, और यदि 20 स्वेटर से अधिक का ऑर्डर हो, तो 25% की छूट देता है। यदि खुदरा विक्रेता ऐसे 22 स्वेटर का ऑर्डर देता है, तो उसके द्वारा भुगतान की गई धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹9,250
- ✓ B. ₹9,900
- ✗ C. ₹9,850
- ✗ D. ₹9,500

Q.24 कुल धनराशि को E, F, G और H के बीच 9:7:5:3 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। यदि G को F से ₹4000 कम मिलते हैं, तो E को कितनी धनराशि प्राप्त होगी?

Ans
- ✗ A. ₹16000
- ✓ B. ₹18000
- ✗ C. ₹17000
- ✗ D. ₹20000

Q.25 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 50% और 16% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 49%, 8% और 13% की क्रमिक छूट
(C) पहले 6 खिलौनों पर 35% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 45% की छूट
(D) 8 खिलौने खरीदने पर ग्राहक को केवल चार खिलौनों के मूल्य का ही भुगतान करना होता है
एक ग्राहक 8 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
✔ A. C
✘ B. B
✘ C. A
✘ D. D

Q.26 40 m दूर स्थित एक बिंदु से किसी भवन के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। भवन की ऊँचाई कितनी है?

Ans
✘ A. 20 m
✘ B. 30 m
✔ C. 40 m
✘ D. 36 m

Q.27 यदि a:b = 12:13 और b:c = 4:5 है, तो a:c क्या होगा?

Ans
✘ A. 4:5
✘ B. 12:5
✔ C. 48:65
✘ D. 4:13

Q.28 10 प्रेक्षणों का समांतर माध्य 42 है। इनमें से तीन प्रेक्षणों का मान 30, 38 और 50 है। शेष छह प्रेक्षणों का औसत 45 है। अज्ञात प्रेक्षण ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 33
✔ B. 32
✘ C. 31
✘ D. 34

Q.29 √[1624+√{3225+√(419+157)}] को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. 45
✘ B. 43
✘ C. 47
✔ D. 41

Q.30 ऋतु को 1000 रुपये के अंकित मूल्य वाले ओवन पर 40% की छूट मिलती है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर उसे 22% की अतिरिक्त छूट मिलती है। वह कितना भुगतान (₹ में) करती है?

Ans
✘ A. 465
✘ B. 469
✔ C. 468
✘ D. 467

## Section : General Awareness

Q.31 निम्नलिखित में से किसने भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण में योगदान नहीं दिया है?

Ans
✘ A. ई-वाणिज्य
✔ B. कृषि सब्सिडी
✘ C. व्यापार अवरोधों में कमी
✘ D. भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का उदय

**Q.32** कर्नाटक का कुद्रेमुख किसके खनन के लिए प्रसिद्ध है?

**Ans**
- ✔ A. लौह अयस्क
- ✘ B. ताम्र
- ✘ C. चूना पत्थर
- ✘ D. मैंगनीज

**Q.33** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उग्रवादी चरण से कौन-सा काल संबंधित है?

**Ans**
- ✘ A. 1885–1905
- ✘ B. 1920–1947
- ✔ C. 1905–1919
- ✘ D. 1947–1950

**Q.34** किस विटामिन की कमी से रतौंधी हो सकता है?

**Ans**
- ✘ A. विटामिन C
- ✔ B. विटामिन A
- ✘ C. विटामिन B12
- ✘ D. विटामिन D

**Q.35** तृतीयक गतिविधियों का मुख्य फोकस क्या है?

**Ans**
- ✘ A. प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण
- ✘ B. कृषि के माध्यम से धन सृजन करना
- ✔ C. अमूर्त वस्तुओं का उत्पादन करना
- ✘ D. कच्चे माल का रूपांतरण करना

**Q.36** प्रतिध्वनि (echo) सुनाई देने के लिए परावर्तक सतह की न्यूनतम दूरी कितनी होनी चाहिए?

**Ans**
- ✘ A. 5 m
- ✔ B. 17.2 m
- ✘ C. 10 m
- ✘ D. 34.2 m

**Q.37** भारत सरकार की निम्नलिखित में से कौन-सी योजना 2017 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी गैर-विद्युतीकृत घरों और शहरी क्षेत्रों में सभी गरीब घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करके सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करना था?

**Ans**
- ✘ A. दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY)
- ✔ B. सौभाग्य योजना (प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना)
- ✘ C. सभी के लिए शक्ति योजना
- ✘ D. प्रधानमंत्री घर घर बिजली योजना (PMGGBY)

**Q.38** निम्नलिखित में से कौन-सा केवल भौतिक परिवर्तन है?

**Ans**
- ✘ A. अपचयन
- ✘ B. ऑक्सीकरण
- ✔ C. क्रिस्टलीकरण
- ✘ D. दहन

**Q.39** कौन-सा एडवांस्ड टास्क मैनेजर फ़ंक्शन, यूजर को प्रक्रिया निर्भरताओं का विश्लेषण करने की सुविधा देता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई प्रोग्राम किन बैकग्राउंड सर्विसों पर निर्भर करता है?

**Ans**
- ✘ A. गो टु डिटेल (Go to Details)
- ✔ B. एनालाइज वेट चैन (Analyze Wait Chain)
- ✘ C. ओपन फ़ाइल लोकेशन (Open File Location)
- ✘ D. एंड टास्क (End Task)

Q.40 2025 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (Ramon Magsaysay Award) जीतने वाला पहला भारतीय गैर-लाभकारी संगठन (non-profit organization) कौन बना?

Ans
- ✗ A. टीच फॉर इंडिया (Teach For India)
- ✗ B. प्रथम (Pratham)
- ✗ C. अक्षय पात्र (Akshaya Patra)
- ✓ D. एजुकेट गर्ल्स (Educate Girls)

Q.41 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, संसद को नए राज्य का निर्माण या उनकी सीमाओं में परिवर्तन करने का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 5
- ✗ B. अनुच्छेद 2
- ✓ C. अनुच्छेद 3
- ✗ D. अनुच्छेद 6

Q.42 संघ राज्यक्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024, निम्नलिखित में से किस अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव नहीं करता है?

Ans
- ✗ A. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991
- ✓ B. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951
- ✗ C. जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019
- ✗ D. संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963

Q.43 किस प्रकार के वनों में पौधे वर्ष के अधिकांश समय पर्णरहित रहते हैं?

Ans
- ✓ A. उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन
- ✗ B. वेलांचली व अनूप वन
- ✗ C. पर्वतीय वन
- ✗ D. सदाबहार वन

Q.44 कौन-सी मानव प्रजाति उच्च पुरापाषाणकालीन (Upper Paleolithic) सांस्कृतिक चरण से संबंधित है?

Ans
- ✓ A. प्राचीन विश्व भर में शारीरिक रूप से आधुनिक होमो सेपियन्स
- ✗ B. अफ्रीका से बाहर जाने वाली होमो इरेक्टस की जनसंख्या
- ✗ C. यूरोपीय और एशियाई क्षेत्रों में होमो निएंडरथलेंसिस
- ✗ D. पर्वतीय वातावरण में बस गया डेनिसोवन समूह

Q.45 बंजर भूमि (Wasteland) से क्या तात्पर्य है?

Ans
- ✗ A. नदी घाटी की उपजाऊ भूमि
- ✗ B. वनों से आच्छादित भूमि
- ✗ C. शहरी हरित क्षेत्र
- ✓ D. प्राकृतिक या मानवीय कारणों से कृषि के लिए अनुपयुक्त भूमि

Q.46 सांग नृत्य, ________ का एक अनुष्ठानिक, लोकप्रिय और पारंपरिक लोक नृत्य है, जो सही अर्थों में वहाँ की संस्कृति को दर्शाता है।

Ans
- ✗ A. केरल
- ✗ B. सिक्किम
- ✓ C. हरियाणा
- ✗ D. पंजाब

| | | |
|---|---|---|
| Q.47 | कश्मीर के राजाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने वाले ऐतिहासिक इतिवृत्त राजतरंगिणी की रचना किसने की थी? | |
| Ans | ✔ A. कल्हण<br>✗ B. सोमदेव<br>✗ C. बिल्हण<br>✗ D. क्षेमेन्द्र | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.48 | निम्नलिखित में से किस यूज़र इंटरफेस में यूज़र्स को टास्क को करने के लिए कीबोर्ड का उपयोग करके निर्देश टाइप करने की आवश्यकता होती है? | |
| Ans | ✗ A. टच-बेस्ड इंटरफेस (Touch-based Interface)<br>✔ B. कमांड-बेस्ड इंटरफेस (Command-based Interface)<br>✗ C. वॉयस-बेस्ड इंटरफेस (Voice-based Interface)<br>✗ D. ग्राफिकल यूज़र इंटरफेस (Graphical User Interface) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.49 | विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में, ________ पहला यूजर-मोड प्रोसेस है जो सिस्टम सेशन को प्रारंभ करता है और आवश्यक बैकग्राउंड सर्विस को शुरू करता है। | |
| Ans | ✗ A. टास्क मैनेजर (Task Manager)<br>✔ B. सेशन मैनेजर (Session Manager)<br>✗ C. कंट्रोल पैनल (Control Panel)<br>✗ D. विंडोज एक्सप्लोरर (Windows Explorer) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | पौधों में वृद्धि की विभज्योतकीय अवस्था में कोशिकाओं की मुख्य विशेषता क्या होती है? | |
| Ans | ✗ A. बृहत रसधानियां<br>✗ B. अधिकतम कोशिका आकार<br>✔ C. सक्रिय कोशिका विभाजन<br>✗ D. मोटी कोशिका भित्तियां | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.51 | महिला, शांति और सुरक्षा (WPS) सूचकांक 2025/26 के अनुसार, 181 देशों में भारत की रैंक कितनी है? | |
| Ans | ✔ A. 131वीं<br>✗ B. 121वीं<br>✗ C. 111वीं<br>✗ D. 141वीं | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.52 | किस पुरातात्विक स्थल से प्राचीन विश्व के सबसे पुराने ज्ञात सार्वजनिक जल टैंक का पता चला है, जिसे प्रसिद्ध रूप से 'विशाल स्नानागार (Great Bath)' कहा जाता है? | |
| Ans | ✗ A. सुरकोटदा<br>✗ B. लोथल<br>✗ C. धोलावीरा<br>✔ D. मोहनजोदड़ो | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | निम्नलिखित में से किसे BCCI नमन पुरस्कार 2025 में पुरुष वर्ग में कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया? | |
| Ans | ✗ A. रोहित शर्मा<br>✗ B. सौरव गांगुली<br>✗ C. राहुल द्रविड़<br>✔ D. सचिन तेंदुलकर | |

Q.54 सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2025 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. चिकित्सा
- ✓ B. रसायन विज्ञान
- ✗ C. अर्थशास्त्र
- ✗ D. भौतिक विज्ञान

Q.55 निम्नलिखित में से किस मामले में पहली बार प्रस्तावना को संविधान का हिस्सा माना गया था?

Ans
- ✓ A. केशवानंद भारती मामला, 1973
- ✗ B. गोलकनाथ मामला, 1967
- ✗ C. बेरुबारी मामला, 1960
- ✗ D. एस.आर. बोम्मई मामला, 1994

Q.56 भारत के संविधान के अनुसार, 'स्वतंत्रता का अधिकार' विशेष रूप से किन अनुच्छेदों के अंतर्गत गारंटीकृत है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 32, 33, 34 और 35
- ✗ B. अनुच्छेद 23, 24, 25 और 26
- ✓ C. अनुच्छेद 19, 20, 21 और 22
- ✗ D. अनुच्छेद 14, 15, 16 और 17

Q.57 निम्नलिखित में से किस देश ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2024 में सर्वाधिक पदक जीते?

Ans
- ✗ A. चीन
- ✗ B. भारत
- ✓ C. संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✗ D. ऑस्ट्रेलिया

Q.58 स्थानीय भाषा प्रेस अधिनियम (1878), किनको लक्षित करने के लिए लागू किया गया था?

Ans
- ✗ A. ब्रिटिश शासन के विरुद्ध व्यापारिक प्रकाशनों
- ✓ B. ब्रिटिश शासन की आलोचना करने वाले भारतीय भाषा के समाचार पत्रों
- ✗ C. केवल अंग्रेजी समाचार पत्रों
- ✗ D. ब्रिटिश शासनकाल के दौरान हिंदी की शैक्षणिक पत्रिकाओं

Q.59 कौन सी विशेषता चरमपंथियों द्वारा धार्मिक प्रतीकों के उपयोग का सही वर्णन करती है?

Ans
- ✗ A. गैर-हिंदू समूहों की भागीदारी को हतोत्साहित करने के लिए त्योहारों को पुनर्गठित किया गया था।
- ✗ B. सभी आंदोलन विशेष रूप से केवल हिंदू धार्मिक सभाओं तक ही सीमित थे।
- ✓ C. शिवाजी और गणपति जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों का उपयोग राजनीतिक लामबंदी के लिए किया गया।
- ✗ D. भाषणों के स्थान पर राजनीतिक बैठकों में अनुष्ठानिक पूजा शुरू की गई थी।

Q.60 निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में ऊपरी गंगा मैदान का अधिकतम भाग फैला हुआ है?

Ans
- ✗ A. बिहार
- ✗ B. पश्चिम बंगाल
- ✗ C. हरियाणा
- ✓ D. उत्तर प्रदेश

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा हड़प्पा स्थल अपने डॉकयार्ड के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
- ✗ A. राखीगढ़ी
- ✗ B. कालीबंगा
- ✓ C. लोथल
- ✗ D. नल

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक बनाता है?

Ans
- ✗ A. न्यायिक अतिरेक
- ✗ B. स्वतंत्रता
- ✓ C. न्यायिक समीक्षा
- ✗ D. सेवा शर्तें

Q.63 सतत विकास रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, SDG सूचकांक में भारत का स्थान कौन-सा था?

Ans
- ✗ A. 110वां
- ✓ B. 99वां
- ✗ C. 85वां
- ✗ D. 120वां

Q.64 वर्ष 2015 में गठित नीति (NITI) आयोग ने भारत के विकासात्मक पुनर्गठन के एक भाग के रूप में योजना आयोग को प्रतिस्थापित किया। NITI का सही पूर्ण रूप क्या है?

Ans
- ✗ A. National Independent Think-tank of India (नेशनल इंडिपेंडेंट थिंक-टैंक ऑफ इंडिया)
- ✗ B. National Initiative for Traditional Industries (नेशनल इनीशिएटिव फॉर ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज)
- ✓ C. National Institution for Transforming India (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया)
- ✗ D. National Interface for Technological Innovation (नेशनल इंटरफेस फॉर टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन)

Q.65 उद्देशिका में भारत को एक पंथनिरपेक्ष राज्य घोषित किया गया है। इसका क्या अभिप्राय है?

Ans
- ✗ A. नागरिकों को किसी भी धर्म का पालन नहीं करना चाहिए।
- ✗ B. राज्य द्वारा धर्म पर प्रतिबंध लगाया गया है।
- ✗ C. राज्य बहुसंख्यक धर्म को बढ़ावा देता है।
- ✓ D. राज्य सभी धर्मों की समान रूप से रक्षा करता है।

Q.66 2025 में, डेनमार्क के कौन-सा स्वायत्त क्षेत्र ने प्रमुख शक्तियों की रणनीतिक रुचि के कारण वैश्विक ध्यान आकर्षित किया, जो ट्रम्प के 2019 की अधिग्रहण बोली (acquisition bid) की याद दिलाता है?

Ans
- ✗ A. स्वालबार्ड (Swalbard)
- ✗ B. आइसलैंड (Iceland)
- ✓ C. ग्रीनलैंड (Greenland)
- ✗ D. फरो द्वीप-समूह (Faroe Islands)

Q.67 निम्न में से कौन-सा रीराइटेबल ऑप्टिकल डिस्क फॉर्मेट (rewritable optical disc format) उपयोगकर्ताओं को डेटा को एकाधिक बार मिटाने (erase) और अपडेट करने की सुविधा देता है?

Ans
- ✓ A. कॉम्पैक्ट डिस्क-रीराइटेबल (Compact Disc-ReWritable)
- ✗ B. सेंट्रल डायरेक्टरी-रीराइटेबल (Central Directory-ReWritable)
- ✗ C. कंट्रोल्ड डिस्क-रीराइटर (Controlled Disc-ReWriter)
- ✗ D. कंप्यूटर डिस्क-रीडराइट (Computer Disc-ReadWrite)

Q.68 संगम साहित्य में उझावर (Uzhavar) के रूप में किन्हें संदर्भित किया गया था?

Ans
- ✗ A. दास
- ✓ B. हलवाहा
- ✗ C. पुजारी
- ✗ D. बड़े ज़मींदार

Q.69 कौन-सी नदी विशाल भारतीय रेगिस्तान के कुछ हिस्सों में एक उपजाऊ क्षेत्र का निर्माण करती है?

Ans
- ✗ A. साबरमती नदी
- ✓ B. घग्गर नदी
- ✗ C. ब्यास नदी
- ✗ D. नर्मदा नदी

Q.70 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा SpaDex मिशन को लॉन्च करने के लिए निम्नलिखित में से किस यान का उपयोग किया गया था?

Ans
- ✗ A. SSLV-D2
- ✗ B. GSLV Mk III
- ✗ C. GSLV Mk II
- ✓ D. PSLV-C60

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.71 सात डिब्बे M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। O के ऊपर कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। O और S के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। Q और M के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। M को S के ठीक ऊपर रखा गया है। Q और P के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। R को N के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। किस डिब्बे को R के नीचे दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✗ A. O
- ✗ B. Q
- ✓ C. S
- ✗ D. N

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. MOR
- ✓ B. EHJ
- ✗ C. YAD
- ✗ D. SUX

Q.73 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
**JTT : OQS**
**NQS : SNR**

Ans
- ✓ A. EOR : JLQ
- ✗ B. SGD : NDB
- ✗ C. TUJ : ORK
- ✗ D. VMK : QKJ

Q.74 सात बॉक्स, M, N, O, P, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
Q और O के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। Q के ऊपर केवल P को रखा गया है। N और R के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। S को M के ठीक ऊपर रखा गया है। R को S के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
सबसे ऊपर से चौथे स्थान पर किस बॉक्स को रखा गया है?

Ans
- ✓ A. S
- ✗ B. O
- ✗ C. P
- ✗ D. M

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?

कथन: कुछ पंख, खिलौने हैं। कोई खिलौना, कलम नहीं है।

निष्कर्ष (I): कोई कलम, पंख नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ पंख, कलम नहीं हैं।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है


Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KFS GBO CXK YTG ?

Ans
✗ A. WDG
✔ B. UPC
✗ C. VWD
✗ D. VSF

Q.77 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ, व्यक्तियों की संख्या को इंगित करती हैं। (नोट: आपको दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो।)

ऐसे कितने जन्तु हैं, जो खिलौने भी हैं लेकिन गुड़िया नहीं हैं?




Ans
✗ A. 5
✔ B. 9
✗ C. 31
✗ D. 16

Q.78 यदि ‘A’ का अर्थ ‘+’ है, ‘B’ का अर्थ ‘–’ है, ‘C’ का अर्थ ‘×’ और ‘D’ का अर्थ ‘÷’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा?

40 D 5 A 8 C 2 B 12 = ?

Ans
✔ A. 12
✗ B. 16
✗ C. 10
✗ D. 14

Q.79 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

2 B 32 A 1 D 1 C 45 = ?

Ans
- ✗ A. 106
- ✗ B. 110
- ✓ C. 108
- ✗ D. 109

Q.80 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके इसे तार्किक रूप से पूर्ण बना देगा?
EAW 87 ZVR 75 UQM 63 PLH 51 ?

Ans
- ✗ A. KHB 39
- ✗ B. KFB 38
- ✓ C. KGC 39
- ✗ D. KSB 38

Q.81 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

JKA KNF LQK MTP ?

Ans
- ✗ A. MKJ
- ✓ B. NWU
- ✗ C. OIU
- ✗ D. MNG

Q.82 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)
(बाएं) D F T B M E Q Y O W G U S I K A R C X Z H (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन आता है और ठीक बाद में एक व्यंजन आता है?

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.83 सात व्यक्ति - मनु, नेहा, ओजस, पूजा, शीना, टीना और उपेंद्र - एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। नेहा, ओजस के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठी है। उपेंद्र, नेहा के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। टीना, शीना के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है। मनु, उपेंद्र का निकटतम पड़ोसी नहीं है। मनु के बाएं से गिनने पर, मनु और उपेंद्र के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. TG - QE
- ✗ B. XD - UB
- ✓ C. ZI - WF
- ✗ D. UC -RA

**Q.85** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'U - V × W + X ÷ Y' है, तो U का Y से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. माता की बहन
- ✗ B. पिता की बहन
- ✗ C. पिता की माता
- ✓ D. माता की माता

**Q.86** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

8 22 64 134 232 ?

**Ans**
- ✗ A. 345
- ✓ B. 358
- ✗ C. 385
- ✗ D. 354

**Q.87** वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans**
- ✓ A. GEF
- ✗ B. XTW
- ✗ C. NJM
- ✗ D. IEH

**Q.88** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

41 53 66 80 95 111 ?

**Ans**
- ✗ A. 131
- ✓ B. 128
- ✗ C. 134
- ✗ D. 123

**Q.89** सात व्यक्ति, U, T, E, N, S, I और L, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
I और L के बीच केवल पांच व्यक्ति बैठे हैं। S, L के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। S और N के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U, E के बाएं से किसी स्थान पर बैठा है, लेकिन T के दाएं से किसी स्थान पर बैठा है।
पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ A. N
- ✗ B. T
- ✗ C. E
- ✓ D. U

**Q.90** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, KEGJ का संबंध RLNQ से है। उसी प्रकार, NHJM का संबंध UOQT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QKMP का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
- ✗ A. RXWT
- ✓ B. XRTW
- ✗ C. XRWT
- ✗ D. RXTW

Q.91 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S × D ÷ R + Y @ H' है, तो S का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता
- ✗ B. माता की बहन
- ✓ C. माता की माता
- ✗ D. बहन

Q.92 यदि संख्या 5421389 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक का भी नहीं
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.93 दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ ही करनी है।

(बाएँ) 4 9 6 5 9 9 7 7 9 7 9 3 6 2 1 2 1 6 9 1 7 4 7 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक भी है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक

Q.94 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

19, 229
22, 265

Ans
- ✓ A. 28, 337
- ✗ B. 23, 278
- ✗ C. 24, 252
- ✗ D. 26, 314

Q.95 एक निश्चित कूट भाषा में, 'know city routes' को 'ha mi ko' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'city lights beautiful' को 'ly ha jh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'city' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. ko
- ✓ B. ha
- ✗ C. ly
- ✗ D. jh

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Previous Year Papers PDF

Search

Banking | JAIIB & CAIIB | SSC | Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques | 60 Mins
DOWNLOAD | ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques | 60 Mins
DOWNLOAD | ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques | 60 Mins
DOWNLOAD | ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques | 60 Mins
DOWNLOAD | ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Q.96 एक निश्चित कूट भाषा में, 'watch bow third' को 'ft gb vs' के रूप में और 'canoe watch art' को 'vs rp hr' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'watch' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ A. vs
✗ B. rp
✗ C. gb
✗ D. ft

Q.97 शब्द 'LIMEADE' के प्रत्येक स्वर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया गया है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, कितने अक्षर ठीक दो बार दिखाई देंगे?

Ans
✗ A. तीन
✗ B. दो
✗ C. शून्य
✔ D. एक

Q.98 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख, 46 लोगों की एक पंक्ति में, बतूल दाएं छोर से 33वें स्थान पर बैठी है। यदि जया पंक्ति के बाएं छोर से 31वें स्थान पर बैठी है, तो बतूल और जया के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✗ A. 14
✗ B. 18
✗ C. 13
✔ D. 16

Q.99 शहर J, शहर T के पश्चिम में स्थित है। शहर R, शहर T के पूर्व में स्थित है। शहर K, शहर R के दक्षिण में स्थित है। शहर M, शहर K के पश्चिम में स्थित है। शहर M, शहर T के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। शहर J, शहर M के उत्तर में स्थित है। शहर K के सापेक्ष शहर J की स्थिति क्या है?

Ans
✗ A. दक्षिण-पश्चिम
✔ B. उत्तर-पश्चिम
✗ C. दक्षिण-पूर्व
✗ D. उत्तर-पूर्व

Q.100 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। नीचे दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
CFG : GJK ;
KMP : OQT

Ans
✗ A. LMI : NOK
✗ B. ACH : BDI
✗ C. DJL : AGI
✔ D. GNP : KRT

"